UNIVERSITY NEWS 06 NOVMBER 2026

HINDUSTAN

एलयू छात्रों के लिए जापान में रोजगार के कई अवसर

लखनऊ,प्रमुख संवाददाता। शैक्षिक सहयोग, उद्योग-अकादमिक साझेदारी और जापान में भारतीय विद्यार्थियों के लिए रोजगार की संभावनाएं तलाशने के उद्देश्य से जापानी प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को एलयू का दौरा किया।

प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच शैक्षणिक एवं व्यावसायिक संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में वूगवे इंक के प्रेसिडेंट एवं सीईओ तोमोनोरी सेकिगुची, निस्सो कॉरपोरेशन के बिजनेस प्लानिंग डिवीजन के जनरल मैनेजर हाजिमे नाकामुरा और जापान के अंतरराष्ट्रीय विकास सलाहकार डॉ. सुशील यामामोटो शामिल रहे। कुलपति के साथ बैठक में संभावित शैक्षणिक सहयोग, ज्ञान का आदान-प्रदान, उद्योग साझेदारी, कौशल विकास और जापानी कंपनियों में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर विमर्श हुआ। तोमोनोरी सेकिगुची ने वूगवे इंक में उपलब्ध करियर और व्यावसायिक अवसरों के बारे में बताया।

एलुमनाई समारोह में जुटे पुराने विद्यार्थी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जैवरसायन विभाग के पूर्व छात्र संघ की ओर से एलुमनाई पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी मुख्य अतिथि तथा ए.ए.डी.बी. के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी अध्यक्ष रहे।

तीन सेवानिवृत्त शिक्षकों प्रो जीजी सानवाल, प्रो प्रकाश चंद्र मिश्रा और प्रो मिथिलेश कुमार मिश्रा को रेणु एवं नरेंद्र टुटेजा बायोरत्न लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। आईसीजीईबी के वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ नवीन खन्ना ने भारत में विकसित स्वदेशी डेंगू जांच किट की कहानी साझा की।

AMAR UJALA

लविवि की फुटबॉल टीम घोषित, 20 चयनित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की फुटबॉल टीम घोषित कर दी गई है। सेंट्रल जोन अंतर विश्वविद्यालय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में दम दिखाने के लिए 20 खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है। प्रतियोगिता 14 से 21 नवंबर तक कानपुर में होगी। टीम में लविवि के साथ संबद्ध कॉलेज के खिलाड़ियों को भी मौका मिला है। चार खिलाड़ियों को स्टैंडबाय में रखा गया है।

टीम चयन के लिए हुए ट्रायल में 103 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। 50 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ। टीम में आयुष जादौन, अनुराग, अंकित बलूनी, दानिश, आकाश, रोहित, कुमैल, शिवांग, करण नेगी, दीपांशु, नितीश, रोहन, रुद्राक्ष, प्रभात, हर्षदीप, प्रियांशु, भविष्य आदि शामिल हैं। कोच संपत सिंह के निर्देशन में टीम प्रतियोगिता में उतरेगी। लविवि एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिव प्रो. अजय आर्य और डॉ. पुनीत मिश्रा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

जापानी कंपनियां देंगी रोजगार के अवसर

लखनऊ। जापानी कंपनियों का प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंचा। यहां शैक्षणिक सहयोग के साथ ही तकनीकी स्नातकों की जापानी कंपनियों में भर्ती और रोजगार के अवसरों पर चर्चा हुई। विद्यार्थियों से संवाद किया। प्रतिनिधिमंडल में वूगवे इंक के अध्यक्ष एवं सीईओ तोमोनोरी सेकिगुची, निस्सो कॉरपोरेशन के बिजनेस प्लानिंग डिवीजन के महाप्रबंधक हाजिमे नाकामुरा और जापान सरकार के अंतरराष्ट्रीय विकास सलाहकार डॉ. सुशील यामामोटो शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने कुलपति प्रो. जेपी सैनी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संकाय पहुंचा। यहां संकायाध्यक्ष प्रो. एसपी सिंह ने उनका स्वागत किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

लेडीबर्ड बीटल बिना खाए घटाएंगी माहू कीट

लखनऊ। फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले माहू कीटों को नियंत्रित करने के लिए जरूरी नहीं कि उनके प्राकृतिक शिकारी उन्हें खाएं भी। उनकी सिर्फ मौजूदगी, गंध और व्यवहार का दबाव भी माहू की आबादी को नियंत्रित कर सकता है। इसी अनछुए पहलू पर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग में शोध होगा। विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तृप्ति यादव को इस महत्वपूर्ण अध्ययन के लिए उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सीएसटीयूपी) ने शोध परियोजना स्वीकृत की है। इसके लिए तीन साल की अवधि तक वित्तीय सहायता दी जाएगी। शोध का विषय 'बायोलॉजिकल कंट्रोल बियॉन्ड प्रीडेशन : नॉन-कंजम्पटिव इफेक्ट्स ऑफ लेडीबर्ड बीटल्स ऑन एफिड्स' है। (माई सिटी रिपोर्टर)

तीन सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

लखनऊ। लखनऊ विवि के जैव रसायन विभाग में पूर्व छात्र संघ (एएडीबी) की ओर से बृहस्पतिवार को पुरस्कार समारोह हुआ। इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी (आईसीजीईबी) नई दिल्ली के वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. नवीन खन्ना ने भारत में विकसित स्वदेशी डेंगू जांच किट की सफलता की कहानी साझा की। समारोह में विभाग के तीन सेवानिवृत्त शिक्षकों प्रो. जीजी सानवाल, प्रो. प्रकाश चंद्र मिश्रा और प्रो. मिथिलेश कुमार मिश्रा को रेणु और नरेंद्र टुटेजा बायोरत्न लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। डॉ. खन्ना को प्रो. जीजी सानवाल ओरेशन अवॉर्ड प्रदान किया गया। प्रो. एसके अग्रवाल बेस्ट पेपर अवॉर्ड अमेरिका की स्टोनी ब्रुक यूनिवर्सिटी में पोस्टडॉक्टोरल फेलो डॉ. सना अख्तर उस्मानी को मिला। एएडीबी के अध्यक्ष वरिष्ठ रंगकर्मी पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी समेत कई पूर्व छात्रों ने भी अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

DAINIK JAGRAN

स्वदेशी डेंगू टेस्ट किट से दुनिया में बढ़ा देश का गौरव : डा. नवीन



लवि के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने विज्ञानी पद्मश्री डा. नवीन खन्ना को प्रो. जीजी सानवाल ओरेशन अवार्ड देकर किया सम्मानित • सौ लवि

जागरण संवाददाता • लखनऊ : देश में विकसित स्वदेशी डेंगू जांच किट अब दुनिया के कई देशों में भेजी जा रही हैं। यह उपलब्धि देश में वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी आत्मनिर्भरता का उदाहरण है। यह बातें आइसीजीईबी नई दिल्ली के विज्ञानी पद्मश्री डा. नवीन खन्ना ने लखनऊ विश्वविद्यालय के जैवरसायन विभाग में आयोजित पूर्व छात्र संघ (एएडीबी) के पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने डेंगू की जटिलताओं और स्वदेशी जांच किट के विकास की सफलता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम और रामनाथ कोविंद ने देश में स्वदेशी डायग्नोस्टिक किट विकसित करने के प्रयासों को प्रोत्साहित किया। इस मिशन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी समर्थन मिला। इसके परिणामस्वरूप भारतीय जांच किट अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विभाग के तीन सेवानिवृत्त शिक्षकों प्रो. जीजी सानवाल, प्रो. प्रकाश चंद्र मिश्रा और प्रो. मिथिलेश कुमार मिश्रा को "रेणु और नरेंद्र टुटेजा बायोरत्न लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया गया। वहीं, डा. नवीन खन्ना को "प्रोफेसर जीजी सानवाल ओरशन अवार्ड" प्रदान किया गया।

"प्रो. एसके अग्रवाल बेस्ट पेपर अवार्ड" डा. सना अख्तर उस्मानी को मिला। वह वर्तमान में अमेरिका की स्टोनी ब्रुक यूनिवर्सिटी में पोस्टडाक्टोरल फेलो हैं। उनके शोध में कैंडिडा एल्बिकैंस यीस्ट में आयरन एक्विजिशन प्रोटीन और लिपिड मेटाबालिज्म के संबंधों का अध्ययन किया गया है।

लवि बास्केटबाल टीम के चयन परीक्षण 13 को

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की बास्केटबाल महिला टीम के चयन परीक्षण 13 नवंबर को शिवाजी ग्राउंड में दोपहर 2:30 बजे आयोजित होंगे। चयनित खिलाड़ी उत्तर क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2026-27 में हिस्सा लेंगी। इच्छुक प्रतिभागियों को 12 नवंबर को शाम पांच बजे तक क्रीड़ा परिषद कार्यालय (पवेलियन ग्राउंड) में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। वि.

AMAR UJALA

स्नातक पास 2203 छात्राओं का स्कूटी के लिए पंजीकरण

लखनऊ। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाली 43 हजार छात्राओं में से सिर्फ 2203 मेधावियों को स्कूटी मिलने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार की रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों की वर्ष 2025-26 में स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं में से शीर्ष पांच प्रतिशत का चयन किया गया है।

खास बात यह है कि इनमें 211 निराश्रित और चार दिव्यांग छात्राओं को भी जगह मिली है। चयनित छात्राओं की मेरिट 79.8 प्रतिशत तक पहुंची है। योजना के तहत विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों से स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं के शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर मेरिट तैयार की गई। करीब 43 हजार छात्राओं में से 2203 छात्राओं ने चयन की पात्रता हासिल की।

चयनित छात्राओं में हरदोई के डॉ. हरिशंकर मिश्रा महाविद्यालय की उपासना वर्मा का नाम भी शामिल है। वह असम में शहीद हुए हवलदार कृष्णपाल की बेटी हैं। योजना के जरिये मेधावियों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाना है। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMRIT VICHAR

कीटनाशकों पर निर्भरता कम करेगा लविवि का शोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश विज्ञान व प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तृप्ति यादव के शोध प्रोजेक्ट को औपचारिक स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्तीय सहायता स्वीकृत की है।

फसलों पर लगने वाले माहू कीड़े को खत्म करने के लिए रासायनिक पदार्थों की जगह जैविक उपयोग पर शोध को बढ़ावा देने के प्रोजेक्ट पर डॉ. तृप्ति यादव कार्य करेंगी। फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक एफिड्स (माहू कीट) पर लेडीबर्ड बीटल (लेडीबर्ड भृंग) के गैर उपभोग्य प्रभावों के वैज्ञानिक अध्ययन पर केंद्रित है।



डॉ. तृप्ति यादव।

आमतौर पर लेडीबर्ड कीटों को माहू के प्राकृतिक शिकारी के रूप में देखा जाता है, लेकिन यह शोध परियोजना इस दृष्टिकोण से आगे बढ़कर यह पता लगाएगी कि लेडीबर्ड की मात्र उपस्थिति, गंध और व्यवहारात्मक दबाव किस प्रकार माहू के प्रजनन क्षमता, भोजन की आदतों और उनकी आबादी को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। यह वैज्ञानिक शोध प्रयोगशाला की दीवारों से निकलकर सीधे हमारे खेतों, किसानों की आर्थिक स्थिति और आम जनमानस के स्वास्थ्य से जुड़ा है। इस शोध के निष्कर्षों के बाद रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग पर लगाम लगेगी। माहू से फसल को बचाने के लिए भारी मात्रा में जहरीले रासायनिक कीटनाशकों का छिड़काव करना पड़ता है। इसके अलावा कीटनाशकों की लगातार बढ़ती कीमतें छोटे और सीमांत किसानों की कृषि लागत को अत्यधिक बढ़ा देती हैं।

खाद्यान्न रहेगा सुरक्षित

- सब्जियों और दलहनी फसलों पर छिड़के जाने वाले जहरीले रसायनों के अंश भोजन के माध्यम से मानव शरीर में पहुंचकर कैंसर, ऐंठ के विकार और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं का कारण बनते हैं। जैविक कीट प्रबंधन को बढ़ावा मिलने से आम नागरिकों को विषमुक्त व स्वास्थ्यवर्धक कृषि उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे।

मित्र कीटों की होगी रक्षा

- रासायनिक कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से खेतों में मौजूद मधुमक्खियों और अन्य मित्र कीटों की आबादी नष्ट हो रही है। यह प्राकृतिक जैविक अध्ययन कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन और जैवविविधता को पुनर्स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

AAJ

लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज की प्राचार्या बनी रोमा जोसेफ

लखनऊ राजधानी के लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में प्राचार्य पद पर प्रोफेसर डॉक्टर रोमा स्मार्ट जोसेफ की तैनाती की गई है। लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में बीते काफी समय से प्राचार्या पद काफी समय से रिक्त था। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रस्ताव पर कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर रोमा स्मार्ट जोसेफ की तैनाती को मंजूरी प्रदान किए जाने के बाद विद्यालय में आज उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया। डॉ रमा स्मार्ट जोसेफ ने विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाए जाने तथा कॉलेज के विस्तार के लिए और अधिक सार्थक प्रयास किए जाने की बात कही।

AMRIT VICHAR

जापानी प्रतिनिधिमंडल ने किया लविवि का दौरा



जापानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के साथ लविवि कुलपति प्रो. जेपी सैनी।

लखनऊ, अमृत विचार : जापानी प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक सहयोग, उद्योग-अकादमिक साझेदारी और जापान में छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसरों की संभावनाओं को तलाशने के उद्देश्य से लखनऊ विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में वूगवे इंक के प्रेसिडेंट एवं सीईओ तोमोनोरी सेकिगुची, निस्सो कॉरपोरेशन के बिजनेस प्लानिंग डिवीजन के जनरल मैनेजर हाजिमे नाकामुरा व जापान सरकार के अंतरराष्ट्रीय विकास सलाहकार डॉ. सुशील यामामोटो शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति प्रो. जेपी सैनी से भेंट की और विश्वविद्यालय और जापान के बीच संस्थागत संबंधों को सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों के बीच संभावित शैक्षणिक सहयोग, ज्ञान विनिमय, उद्योग साझेदारी, कौशल विकास और जापानी उद्योगों में विवि के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर विशेष चर्चा हुई।

AMRIT VICHAR

एलुमनाई पुरस्कार समारोह हुआ

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के जैवरसायन विभाग के पूर्व छात्र संघ की ओर से पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी, एएडीबी अध्यक्ष डॉ. अनिल रस्तोगी, डॉ. नवीन खन्ना, विज्ञान संकाय की डीन प्रो. पूनम टंडन सहित पूर्व छात्र, शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम मे विभाग के तीन सेवानिवृत शिक्षकों प्रो. जीजी सानवाल, प्रो. प्रकाश चंद्र मिश्रा और प्रो. मिथिलेश कुमार मिश्रा को 'रेणु और नरेंद्र टुटेजा बायोरत्न लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। वहीं, आईसीजीईबी, नई दिल्ली के वैज्ञानिक डॉ. नवीन खन्ना को 'प्रोफेसर जीजी सानवाल ओरेशन अवार्ड' प्रदान किया गया।

HINDUSTAN

लखनऊ विवि में आज से 11 नवम्बर तक अवकाश

दीपावली के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में छह से 11 नवंबर तक अवकाश रहेगा। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने बुधवार को आदेश जारी किया। हालांकि, इस दौरान विश्वविद्यालय की पूर्व निर्धारित परीक्षाएं और कार्यक्रम यथावत आयोजित होंगे।